प्रबंध अध्ययन संस्थान, देवी अहिल्या विष्वविद्यालय, इन्दौर एवं अटल इन्क्यूबेषन सेन्टर, बनस्थली विद्यापीठ के बीच एम ओ यू

प्रबंध अध्ययन संस्थान, देवी अहिल्या विष्वविद्यालय, इन्दौर को हाल ही में सेंटर फॉर एक्सीलेंस का दर्जा वर्ल्ड बैंक द्वारा प्रदान किया जिसके तहत संस्थान द्वारा छात्र एवं छात्राओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देष्य से अटल इन्क्यूबेषन सेन्टर, बनस्थली विद्यापीठ के साथ एक एम ओ यू किया ।

प्रबंध अध्ययन संस्थान, देवी अहिल्या विष्वविद्यालय, इन्दौर अपने उत्कृष्ट प्लेसमेंट के लिए पूरे मध्य भारत में जाना जाता है । कुछ वर्षो से यहॉ के छात्र एवं छात्रओं में उद्यमिता का रूझान देखा जा रहा है । ऐसे छात्र एवं छात्रओं को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पडता है इसी को मध्य नजर रखते हुए 2018 में संस्थान द्वारा अंकुर नामक एक उद्यमिता सेल का गठन किया गया ।

अंकुर सेल के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों का लाभ लेकर विगत 2 वर्षों में संस्थान के कई छात्र छात्राओं ने अपने स्टार्टअप षुरू किये जो आज बहुत सफल है। अपने इन्हीं प्रयासों को और बढ़ाने के उद्देष्य से संस्थान द्वारा अटल इन्क्यूबेषन सेन्टर, बनस्थली विद्यापीठ के साथ एक एम ओ यू किया ।

अटल इन्यूबेषन सेंटर, बनस्थली विद्यापीठ देष के चुनिंदा इन्क्यूबेषन सेंटर में से है । जो बहुत अच्छा काम कर रहा है विषेषकर महिलाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देष्य से । अटल इन्क्यूबेषन सेंटर बनस्थली विद्यापीठ के सहयोग से आज कई महिलाओं ने बहुत सफल स्टार्टअप शुरू किये है।

एम ओ यू पर प्रबंध अध्ययन संस्थान, देवी अहिल्या विष्वविद्यालय, इन्दौर की निदेषक प्रो. डॉ. संगीता जैन एवं अटल इन्क्यूबेषन सेंटर, बनस्थली विद्यापीठ की और से डॉ. अभिषेक पारीख सीईओ अटल इन्क्यूबेषन सेंटर ने हस्ताक्षर किये।

आनलाईन किये गये एक कार्यक्रम में प्रो. डॉ. संगीता जैन द्वारा अंकुर सेल के अन्तर्गत की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बतायाएवं नई षिक्षा नीति के अनुसार संस्थान द्वारा उद्यमिता विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने पाठ्यक्रम में किये जा रहे बदलावों के बारे में बताया ।

डॉ. अभिषेक पारीख द्वारा अटल इन्क्यूबेषन सेंटर के विकास एवं सफलता के बारे में बताया गया एवं आपसी सहयोग के क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

बनस्थली विद्यापीठ के प्रबंधन के डीन डॉ. हर्ष पुरोहित द्वारा अपने उद्बोधन में दोनो संस्थानों के द्वारा उद्यमिता के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों की भूरी भूरी प्रषंषा की एवं आषा व्यक्त की इस एम ओ यू के बाद इन प्रयासों में और गति आयेगी । कार्यक्रम का संचालन प्रबंध अध्ययन संस्थान, सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के नोडल अफसर डॉ. कपिल शर्मा द्वारा किया । डॉ. निषिकांत वाईकर द्वारा अंकुर सेल के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई । इस अवसर पर संस्थान के अन्य षिक्षकगण भी उपस्थित थे।

वनस्थली विद्यापीठ की ओर से वहॉ के डॉ. अंकुर जोषी ने आभार प्रदर्षन किया